♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 07 विक्रम संवत 2079 ♦ डालटनगंज (मेदिनीनगर) , रविवार 02 अक्टूबर 2022 ♦ वर्ष-29 अंक-343 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com

सप्तमी : कालरात्रि

नवरात्रि की सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। यह देवी कालरात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। देवी की चार भुजाएं हैं- दायीं ओर की ऊपरी भुजा से महामाया भक्तों को वरदान दे रही हैं और नीचे की भुजा से अभय का आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। इनका वर्ण अंधकार की भांति काला है, केश बिखरे हुए हैं, कंठ में विद्युत की चमकवाली माला है। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। इनकी नासिका से श्वास तथा निःश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करनेवाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करनेवाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करनेवाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है। इनकी उपासना से होनेवाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, संवेदनशील जिलों में विशेष चौकसी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर माहौल को खराब करने की कोशिश की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में रांची, धनबाद और हजारीबाग जैसे शहरों में धर्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर शहर के अमन-चैन में खलल डालने की कोशिश की गयी थी। लगातार आ रहे मामलों को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने इलाकों के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

असामाजिक तत्वों पर रखें नजर : झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर ने बताया कि यह सही है कि हाल के दिनों में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर माहौल को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया है, हालांकि पुलिस इन मामलों को लेकर सतर्क थी, इसलिए समय रहते मामले को शांत करवा लिया गया। आईजी होमकर के अनुसार, आगामी समय मे कई महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार आनेवाले हैं। ऐसे में असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए हर तरह की कोशिश की जा रही है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने जिलों के प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिये संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर नजर रखी जाये। खासकर, वैसे धार्मिक स्थल जो बेहद संवेदनशील हैं, वहां पर त्योहारों के दौरान विशेष नजर रखी जाये।

स्पेशल ब्रांच ने तैयार किया है रिपोर्ट : झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच में कई संवेदनशील स्थानों पर स्थित धार्मिक स्थलों की सूची बनाकर पुलिस अधीक्षकों को सौंपी है जहां कोई भी गड़बड़ी होने पर माहौल खराब हो सकता है। स्पेशल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व को फिर मिला सम्मान

मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को 100 शहरी निकायों वाले राज्यों में देश के सेकेंड टॉपर राज्य का सम्मान प्रदान किया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- शहरी स्वच्छता में झारखंड ने फिर लहराया परचम
- केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने झारखंड को किया सम्मानित
- राज्य सरकार की ओर से सूडा निदेशक अमित कुमार ने प्राप्त किया सम्मान
- अन्य श्रेणियों में झारखंड के बुंडू और चाईबासा को भी किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य ने लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व को भारत सरकार की ओर से एक बड़े सम्मान से नवाजा गया है। नयी दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य

प्रधानमंत्री ने 5जी सेवाओं का किया शुभारंभ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये तकनीकी युग की शुरुआत करते हुए देश में 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्चिंग प्रोग्राम में डिजिटल इंडिया की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आम लोगों को सुविधाएं मिलती हैं तो उनकी सोच बदलने में देर नहीं लगती है। पीएम ने कहा कि आज यूपीआई पेमेंट का इस्तेमाल रेहड़ी-पटरी वाले भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि

एक वक्त था, जब डिजिटलाइजेशन के प्रयासों को लेकर सरकार का मजाक उड़ाया जाता था। उन्होंने देश के एलीट क्लास की यह कहकर क्लास लगायी कि उन्हें कभी निचले तबके और गरीबों पर यकीन ही नहीं होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2जी और 5जी की नीयत में अंतर है जो आज हर किसी को दिख रही है। प्रधानमंत्री ने भारतीय मोबाइल सम्मेलन (आईएमसी) के छठे संस्करण के उद्घाटन के साथ ही देश में 5जी सेवाओं का भी शुभारंभ किया। आईएमसी 2022 का आयोजन 01 से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री से मिला पंजाबी हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी का प्रतिनिधिमंडल

रावण दहन कार्यक्रम में किया आमंत्रित

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आगामी 5 अक्टूबर 2022 को रांची के मोरहाबादी मैदान में

आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। मुलाकात करनेवाले प्रतिनिधिमंडल में पंजाबी हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष राजेश ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम ने दीपाटोली व लालपुर स्थित पूजा पंडाल का किया अनावरण

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को दीपाटोली रांची स्थित श्रीश्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा पंडाल एवं लालपुर स्थित हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया तथा मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेका। मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वर्षों से चली आ रही परंपरा कभी टूटे नहीं। परंपराएं अनवरत चलती रहे। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने माता रानी से समस्त झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति तथा खुशहाली की कामना की। लालपुर स्थित हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में समिति के अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य एवं दीपाटोली स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में समिति के अध्यक्ष रमेश गोप सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

पलामू से एरिया कमांडर गुड्डू यादव गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मनातू थाना के पुलिस ने नक्सली के एरिया कमांडर गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 30 सितंबर दिन शुक्रवार को

पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि टीएसपीसी का सब जोनल गौतम उराँव एवं एरिया कमांडर गुड्डू कुमार उम्र 23 वर्ष पिता गजाधर यादव सा0- रामपुर थाना लावालींग जिला चतरा अपने दस्ता के सदस्यों के साथ ठेकेदारों से लेवी वसूली करने करने के लिए चतरा एवं पलामू आने वाला है। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए पुलिस अधीक्षक ने एक टीम का गठन किया। छापामारी टीम समय शाम को सरकारी वाहन से ग्राम रामपुर थाना लावालींग जिला चतरा के लिए प्रस्थान किये। करीब 6:20 की शाम पुलिस के द्वारा जब छापामारी टीम ग्राम रामपुर स्थित गुड्डू कुमार यादव के पैतृक आवास के निकट पहुँची तो आवास के निकट दिख रहे लोग पुलिस को देखकर पूरब दिशा में स्थित जंगल की तरफ भागने लगे। उक्त भाग रहे लोगों का छापामारी टीम के द्वारा पीछा कर एक व्यक्ति को दौड़ाकर पुलिस बल की सहायता से अपने नियंत्रण में लाया गया। नाम पता पूछे जाने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा अपना नाम पता [टी0एस0पी0सी0 का एरिया कमांडर गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू यादव उर्फ उमेश यादव बताया। पकड़े जाने के बाद उसने बताया कि व नवरात्र के समय अपने दस्ता के साथ घर आया था। पुलिस के अनुसार वह पिछले 05 वर्षों से फिरार चल रहा था। यह मनातू थाना एवं लातेहार थाना में उग्रवादी कांडो में वांछित है। इसके विरूद्ध वारंट माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया है।

बेतरतीब सड़क किनारे खड़े वाहनों से आम लोग हलकान

शिवाजी मैदान के चारो तरफ लगा रहता है वाहनों का काफिला

जल्द नो एंट्री जोन घोषित होगा शिवाजी मैदान का इलाका : ट्रैफिक इंचार्ज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में सड़क किनारे वाहनों के खड़ा रहने से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नो पार्किंग की जगह वाहनों के लग जाने से ट्रैफिक जाम की समस्या खड़ी हो गयी है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या पर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं होना यह बताता है कि यहां सब बेलगाम हैं। अपनी जिम्मेदारियों से सभी पल्ला झाड़ रहे हैं। एक वाक्या लें तो स्थानीय शिवाजी मैदान के चारो तरफ और मरीन ड्राइव के बीच के रास्ते पर दिन भर वाहनों का काफिला नजर आता है। जिससे वहां रहने वाले स्थानीय लोगों के साथ उस रास्ते से गुजरने वाले प्रतिदिन परेशानी से रूबरू हो रहे हैं। यदि कोई इमरजेंसी हो तो भी आस- पास के लोगों को अपने घरों से निकलने में भारी दिक्तों का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों पर लगभग रोजाना ही कार्रवाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

क्या कहते हैं ट्रैफिक प्रभारी

ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने इस बाबत बताया कि नो पार्किंग में वाहन लगाना वर्जित है। यदि लोग वाहन लगाते हैं तो उनके उपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने नगर निगम के पदाधिकारियों को कहा है कि जल्द-से जल्द शहर में खास कर शिवाजी मैदान के आस-पास जगह सुनिश्चित करें। यह इलाका नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया जायेगा।

निगम ने पार्किंग की जगह नही बनाई लेकिन सड़कों पर लाइनिंग कराई

शहर के यातायात को बिगाड़ने में बेहद गंभीर समस्या बनी अवैध पार्किंग। इससे निबटने के लिए निगम ने भी कोई ठोस उपाय अभी तक नहीं किए हैं। निगम ने पूरे शहर में सड़को के किनारे लाइनिंग तो की मगर वो भी अब बारिश में धूल गई है। इतना ही नहीं पूर्व में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए फैसले के तहत निगम ने सिर्फ कुछ मुख्य रोड छोड़कर कहीं भी लाइनिंग तक नहीं कराई है। जो लाइनिंग कराई है वह भी सड़क पर ही है। शहर में लाइनिंग तो दूर सड़कों पर फुटपाथ तक के लिए जगह नहीं है। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी बल की कमी बताकर स्थिति को संभालने में खुद को असमर्थ महसूस कर रही है।